(क): अग्रिमों के संबंध में आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण से संबंधित विवेकपूर्ण मानदंड पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिनांक 1.10.2021 के मास्टर परिपत्र के पैरा 4.2.7.1 के अनुसार, बैंक द्वारा किसी उधारकर्ता को दी गई सभी सुविधाएं और उस उधारकर्ता द्वारा जारी सभी प्रतिभूतियों में किए गए निवेश को अनर्जक आस्ति (एनपीए) अनर्जक निवेश (एनपीआई) माना जाएगा, न कि किसी सुविधा विशेष/निवेश या उसके किसी भाग को, जो अनियमित हो गया हो।

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002, में, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रतिभूत लेनदार द्वारा खाते हो अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद प्रतिभूति हित के प्रवर्तन का प्रावध'न शामिल हैं।

(ख): भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, एसबीआई सुरक्षा ऋण फरवरी, 2018 से अप्रतिभूत ऋण है। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सूचित किया है कि बैंक द्वारा वित्तपोषित आवासीय संपत्ति पर बंधक के विस्तार में सुरक्षा ऋण को कवर करना अनिवार्य नहीं

है। तथापि, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सूचित किया है कि सुरक्षा ऋण के करार में संपत्ति पर साधारण धारणाधिकार के उपयुक्त खंड को शामिल किया गया है।

(ग): भारतीय स्टेट बैंक से प्राप्त सूचना के अनुसार, फरवरी, 2018 से एसबीआई सुरक्षा ऋण उत्पाद के अंतर्गत स्वीकृत किए गए ऋण यथार्थ बंधक द्वारा कवर नहीं किए गए हैं। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सूचित किया है कि फरवरी, 2018 से पहले स्वीकृत सुरक्षा ऋण को आवासीय ऋण संपत्ति के बंधक का विस्तार करके कवर किया गया था।

(घ): भारतीय स्टेट बैंक ने सूचित किया है कि व्यक्तिगत खातों में से किसी खाते के अनर्जक आस्ति (एनपीए) हो जाने पर एक ही ग्राहक सूचना फाइल (सीआईएफ) के अंतर्गत आने वाले सभी खातों को अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और प्रतिभूत खातों में सरफासी कार्रवाई की जाती है।

(ङ): भारतीय स्टेट बैंक ने सूचित किया है कि जब कोई एसबीआई आवास ऋण खाता अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशानुसार एक ही ग्राहक सूचना फाइल (सीआईएफ) के अंतर्गत आने वाले सभी ऋण खातों को अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। हालांकि, भारतीय स्टेट बैंक से प्राप्त उत्तर के अनुसार सरफ़ासी कार्रवाई केबल प्रतिभूत खातों में ही की जाती है।

*****

<u>अपराह्न 2.13 बजे</u>

सभा का कार्य

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): महोदय, आपकी अनुमति से, मैं यह घोषणा करने के लिए खड़ा हुआ हूं कि सोमवार, 20 मार्च, 2023 से आरंभ होने वाले सप्ताह के दौरान सरकारी कार्य में निम्नलिखित मद सम्मिलित होंगे :

1. आज के आदेश पत्र से किए गए सरकारी कामकाज के किसी भी मद पर विचार:- [इसमें शामिल है (i) 2023-24 के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के बजट पर सामान्य चर्चा (ii) केंद्र शासित प्रदेश के लिए अनुदान की मांगों पर चर्चा और मतदान 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जम्मू और कश्मीर के लिए और संबंधित विनियोग विधेयक का परिचय, विचार और पारित करना (iii) केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों पर चर्चा और मतदान वित्तीय वर्ष 2022-23 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक और संबंधित विनियोग विधेयक का परिचय, विचार और पारित करना (iv) 2022-23 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे और अंतिम बैच की चर्चा और मतदान और परिचय, विचार और पारित करना संबंधित विनियोग विधेयक, और (v) रेल मंत्रालय के नियंत्रण में 2023-24 के लिए अनुदान की मांगों पर चर्चा और मतदान]
2. निम्नलिखित मंत्रालयों की 2023-24 की अनुदान मांगों पर चर्चा और मतदान:-

   (i) (क) ग्रामीण विकास (ख) पंचायती राज [एक साथ लिया जाएगा]

   (ii) जनजातीय मामले

   (iii) (क) पर्यटन (ख) संस्कृति [एक साथ लिया जाएगा]

   (iv) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

3. 2023-24 के लिए केंद्रीय बजट के संबंध में अनुदान की बकाया मांगों का गिलोटीन।

4. वित्त विधेयक, 2023 पर विचार करना और पारित करना।

... (व्यवधान)

[हिन्दी]

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, नियम- 377 के तहत मेंबर्स अपने महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहते हैं। मेरी आप सभी से प्रार्थना है कि आप सभी अपना-अपना स्थान ग्रहण कीजिए और सभा की कार्यवाही शांति से चलने दीजिए।

... (*व्यवधान*)

<u>अपराह्न 2.15 बजे</u>

[हिंदी]

नियम 377 के अधीन मामले[3]

माननीय सभापति : जिन माननीय सदस्यों को आज नियम 377 के अधीन मामले को उठाने की अनुमति प्रदान की गई है, वे अपने अनुमोदित पाठ को तुरंत व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रख दें।

… (व्यवधान)

(एक) सतना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक खेल प्रशिक्षण केन्द्र स्वीकृत किए जाने की आवश्यकता

श्री गणेश सिंह (सतना): दुनिया के खेल जगत में भारत के खिलाड़ी बहुत तेजगति से आगे बढ़ रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के खेलो इंडिया खेलो का जो कार्यक्रम है, उसके अन्तर्गत खिलाड़ियों को प्रशिक्षण करके उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलो के लिये तैयार किया जा रहा है। मैं अपने लोकसभा क्षेत्र सतना में सबसे पहले विभिन्न खेलों की सांसद ट्राफी का आयोजन वर्ष 2011 से लगातार कर रहा हूँ। मेरा शहर सतना स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में है। साथ ही 35 करोड़ रूपये की लागत से मल्टी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स बन रहा है। दादा सुखेन्द्र स्टेडियम का 8 करोड़ रूपये की लागत से उसका आधुनिकीकरण किया जा रहा है। धवारी क्रिकेट स्टेडियम को भी 6 करोड़ रूपये की लागत से नई सुविधा के रूप में विकसित किया जा रहा है। लगातार मेरी मांग सतना में साई प्रशिक्षण केन्द्र खोलने की है, लेकिन आज तक नहीं मिला। खेलो इंडिया खेलो के तहत बैडमिन्टन का प्रशिक्षण मिला

[3] सभा पटल पर रखे गए माने गए।

है। लेकिन फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीवॉल, कबड्डी जैसे कई ओलम्पिक गेम्स हैं, जो बड़ी मात्रा में हमारे यहाँ खेले जाते हैं। इनमें से किसी खेल का प्रशिक्षण केन्द्र सतना में दिया जाए।

(दो)उत्तर प्रदेश के कौशांबी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में बीड़ी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा हितलाभ प्रदान किए जाने और क्षेत्र में एक ईएसआईसी अस्पताल का निर्माण किए जाने की आवश्यकता

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): मैं सरकार का ध्यान बीड़ी मजदूरों की स्वास्थ्य चिंता की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। कौशाम्बी, प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) में लाखों की संख्या में बीड़ी मजदूर हैं, जिनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे भी काम करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भारत में 45 लाख बीड़ी श्रमिक हैं। इनमें से अधिकांश घर से काम करने वाली महिला श्रमिक हैं। बीड़ी उधयोग से सरकार को करोड़ों रूपये का राजस्व प्राप्त होता है इसलिए बीड़ी श्रमिकों की जिम्मेदारी भी सरकार को लेनी चाहिए। इन श्रमिकों को सामूहिक बीमा योजना में स्वाभाविक दुर्घटना में मृत्यु लाभ की राशि को दोगुना किया जाए। जिन श्रमिकों की आयु 60 वर्ष से अधिक है, उन्हें पेंशन दिया जाना चाहिए। बीड़ी मजदूरों के बच्चों के लिए शिक्षा के लिए अनुदान और स्कोलरशिप कम्प्लसरी कर दिया जाना चाहिए। कौशाम्बी, प्रतापगढ़ में लाखों की संख्या में बीड़ी मजदूर हैं, उनके लिए अलग से कम से कम 10 या 20 कमरों का अस्पताल बने, जिसमें एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और पेथोलोजी की व्यवस्था हो। प्रतापगढ़ की कुंडा तहसील मे *ईएसआईसी* अस्पताल के निर्माण की आवश्यकता है जिससे इन लोगों को समय पर इलाज मिल सके। इसलिए यहाँ पर अति शीघ्र *ईएसआईसी* अस्पताल का निर्माण करवाया जाए।

(तीन) झारखंड में कोयले की ढुलाई अनिवार्य रूप से ढके हुए ट्रकों और रेल वैगनों में किए जाने की आवश्यकता

श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग): झारखंड के 24 में से 13 जिले कोयले के भंडार से समृद्ध हैं। हालांकि, अनियंत्रित खनन, कोयले के जलने और विशेष रूप से खानों से बिजली संयंत्रों तक खुले परिवहन के कारण, वायु प्रदूषण भी राज्य में गंभीर होता जा रहा है। यह राज्य में पर्यावरणीय संकट और सार्वजनिक स्वास्थ्य के खतरों का कारण बन रहा है।

खुले ट्रकों और रेलवे वैगनों में कोयले की ढुलाई झारखंड में एक आम दृश्य है, और परिवहन के दौरान निकलने वाली कोयले की धूल और अन्य प्रदूषकों से इन मार्गों के आसपास रहने वाले लोगों में श्वसन संबंधी समस्याएं, फेफड़ों के रोग और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं। इसके अलावा, कोयले के खुले परिवहन से सड़कों, इमारतों, फसलों और जल निकायों पर कोयले की धूल का जमाव हो रहा है, जिससे प्राकृतिक संसाधन दूषित हो रहे हैं। यह जानवरों में भी स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करता है।

इसलिए मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि झारखंड में कोयले के परिवहन के लिए ढके हुए ट्रकों और वैगनों के उपयोग को अनिवार्य करना चाहिए और उल्लंघन करने वालों पर सख्त जुर्माना लगाना चाहिए। मैं सरकार से स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने का भी अनुरोध करता हूं।

(चार) निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के उपचार को वहनीय बनाए जाने की आवश्यकता

श्री दिलीप शइकीया (मंगलदोई): कैंसर और गंभीर रोगो के मरीजों का इलाज और दवाइया निशु:ल्क उपलब्ध कराने के संदर्भ में असम और नार्थ ईस्ट सहित देश में कैंसर रोग आज एक महामारी का रूप ले रहा है। विश्व स्वस्थ्य संगठन के मुताबित वर्तमान में दुनिया के 20 फीसदी कैंसर मरीज भारत में है। इस बीमारी के कारण हर साल 75000 लोगों की मौत होती है। हजारो लाखो परिवार महंगी इलाज के कारण आर्थिक मानसिक रूप से तबाह हो जाता है। असम सहित उतर पूर्वोतर क्षेत्र मे कैसर के रोगियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। एक आकडे के अनुसार पिछले 10 वर्ष में 210 प्रतिशत कैंसर मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। यहाँ के मरीजों को कैंसर सहित गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए वेल्लोर तथा देश के कोने कोने में भटकना पडता है। रोगी और उसके परिवार के लिए यह बहुत पीडादायक होता है। मैं भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय से आग्रह करता हूँ कि निम्न और मध्यम वर्गीय परिवार को कैंसर सहित अन्य गंभीर रोगो का सही इलाज हेतु तथा महंगे खर्चे से राहत देने के लिए तुरंत व्यवस्था करनी चाहिए।

(पांच) **हरियाणा के कुरुक्षेत्र, लाडवा और रादौर में बाईपास सड़कों का निर्माण किए जाने की आवश्यकता**

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): मैं सरकार का ध्यान ध्यान पटियाला से हरिद्वार जाने वाली सड़क की ओर दिलाना चाहता हूँ जो देश के चार राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड को आपस में जोड़ती है। इस सड़क की कुल लम्बाई 223 किलोमीटर है जिसका अहम् हिस्सा मेरी लोकसभा के 5 बड़े शहरों पेहोवा, कुरुक्षेत्र, लाडवा, रादौर व यमुना नगर से होकर गुजरता है और देश के चार राष्ट्रीय राजमार्गी 152-*डी* , 152, 44 व 344 को विभिन्न जगहों पर क्रॉस करता है। इस क्षेत्र के अधिकत्तर लोग किसान है और उनके उत्पाद के लिए यहाँ 3 चीनी की मीले, 5 अनाज मंडी, 5 सब्जी मंडी व हरियाणा की सबसे बड़ी लक्कड़ मंडी है। इसी मार्ग द्वारा व्यापारी भाई अपना माल देश के दूसरे भागों में भेजते हैं। इसके अलावा कुरुक्षेत्र, यमुना नगर, व पेहोवा जाने माने धार्मिक तीर्थ स्थल है जहाँ पर साल भर लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है। इन्ही कारणों से यह मार्ग बहुत ज्यादा व्यस्त रहता है। कुरुक्षेत्र, लाडवा और रादौर में तो हर समय ट्रैफिक जाम लगा रहता है जिस कारण आये दिन यहाँ पर जानलेवा दुर्घटनाये होती रहती है। यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए इन शहरों के लिए रिंग रोड का निर्माण बहुत जरुरी है। हरियाणा के वर्तमान माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रयत्नों से इस सड़क को भारत वर्ण माला-2 में शामिल कर लिया गया है लेकिन इसके तहत इस कार्य के शुरू होने में अभी काफी वक्त लगेगा।

मैं सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगा कि कुरुक्षेत्र, लाडवा व रादौर में इस सड़क पर रिंग रोड जल्द से जल्द बनवाया जाए ताकि इस क्षेत्र के लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके।

(छह) सरकारी विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के मानदेय में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता

श्री छेदी पासवान (सासाराम): देश के सभी राज्यों एवं केन्द्रशासित क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत रसोइयाँ सह सहायक कुशल मजदूर की श्रेणी में है जिन्हे मात्र 1000 (एक हजार) रू० मासिक मजदूरी के रूप में दिया जाता है, जो वर्तमान में महंगाई के दौर में बहुत ही कम है, जिसे बढ़ाने की अति आवश्यकता है।

अतः मैं अनुरोध करता हूँ कि बिहार राज्य के रोहतास एवं कैमूर जिला सहित देश के सभी विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की श्रेणी के रूप में रखते हुए इनके मानदेय की मासिक राशि की बढ़ोतरी करने हेतु संबंधित मंत्रालय को निदेर्शित करने की कृपा की जाए।

(सात) मध्य प्रदेश के मक्सी-रूठियाई रेल खंड का दोहरीकरण किए जाने के बारे में

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़): संसदीय क्षेत्र राजगढ़ कृषि प्रधान क्षेत्र हैं एवं यह आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य में स्थित है। यहाँ से इन्दौर, मुंबई, गुजरात, भोपाल, नागपुर, आगरा, दिल्ली का सीधा सड़क संपर्क होने के बाद भी यह क्षेत्र आजादी के 70 सालों से विकास के लिये आशान्वित रहा है। मोदी सरकार द्वारा आशान्वित से आकांक्षी स्वरूप दिया जाकर विगत वर्षों में सभी आधारभूत संरचनाओं का निर्माण का संकल्प सिद्ध कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।

सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र मे पश्चिम-मध्य रेलवे के एकमात्र रेलखण्ड मक्सी- रुठीयाई रेलमार्ग को माननीय प्रधानमंत्री जी व रेलमंत्री द्वारा विद्युतीकरण की ऐतिहासिक सौगात दी गई है. इसी क्रम में रुठियाई से मक्सी रेलखंड का दोहरीकरण सर्वे आदि की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण होकर स्वीकृति लिये लंबित है, जिसकी स्वीकृति होने से सारंगपुर, ब्यावरा, पचोर, नरसिंहगढ़, चांचौड़ा, कुम्भराज, रुठियाई सहित समस्त राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के लाखों लोगों एवं व्यापारी वर्ग को दिल्ली से मुंबई तक की सीधी सस्ती व कम दूरी की अनेक रेल सेवाओं का लाभ मिल सकेगा एवं रेलवे को भी मालढुलाई के लिए फास्ट ट्रैक मिल सकेगा जिससे राजगढ़ के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

अतः राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र की जन आकांक्षाओं के अनुरूप माननीय रेलमंत्री जी से मक्सी-रूठीयाई रेलखण्ड के दोहरीकरण की स्वीकृति हेतु अनुरोध करता हूँ।

(आठ) उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में रिंग रोड का निर्माण किए जाने के बारे में

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज अंतर्गत सिद्धार्थनगर की ओर दिलाना चाहता हूं। सिद्धार्थनगर भगवान बुद्ध के जन्म स्थान के रूप में प्रसिद्ध है जहां उन्होंने अपने जीवन के पहले 29 वर्ष बिताए थे। सिद्धार्थनगर को नीति आयोग द्वारा लोगों की सामाजिक आर्थिक स्थिति के आधार पर 112 आकांक्षी जिलों के रूप में भी पहचाना की गई। सिद्धार्थनगर के लोग आदरणीय प्रधानमंत्री जी के सिद्धार्थनगर को एक आकांक्षी जिले के रूप में पहचानने और जिले में विकास और समृद्धि लाने के लिए उनके राष्ट्रीय प्रयासों और दृष्टि और नेतृत्व प्रदान करने के लिए बेहद सराहना और आभारी हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 2024 तक भारत की सड़कों और राजमार्गों को अमेरिका की तरह बनाने का संकल्प जल्द ही पूरा होगा। मैं अनुरोध करता हूं कि सिद्धार्थनगर जिले में सिद्धार्थनगर के बाहरी इलाके में रिंग रोड बनाने की आवश्यकता है। रिंग रोड से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर होगी और पर्यटकों को सुगमता से यात्रा करने में मदद मिलेगी। रिंग रोड सिद्धार्थनगर के आसपास के जिलों को जोड़ने में भी मदद करेगी और यात्रियों के लिए यात्रा के समय को कम करेगा।

(नौ) बिहार के औरंगाबाद में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाने की आवश्यकता

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): शिक्षा देश के विकास और प्रगति की रीढ़ है और चिकित्सा विज्ञान का अध्ययन ऐसे बेहतर तरीकों में एक है। हाल में ही नीति आयोग ने औरंगाबाद में एक मेडिकल कॉलेज के स्थापना की सिफ़ारिश की हैं। औरंगाबाद वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित और आकांक्षात्मक जिला है। *एन.एच.* -19 एवं *एन.एच.* -98 पर स्थित औरंगाबाद बिहार के रोहतास, अरवल, गया, और झारखण्ड के पलामू, चतरा ज़िलों से जुड़ा हैं। औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज खुलने से एक बड़ी आबादी को लाभ होगा। देश और विशेष रूप से बिहार में मेडिकल कॉलेज की संख्या बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता हैं, क्योंकि प्रतिवर्ष हज़ारों छात्र मेडिकल की पढ़ाई हेतु दूसरे राज्यों में जाते हैं। यह मेडिकल कॉलेज बिहार और झारखण्ड के युवाओं के लिए उपयोगी होगा। उक्त मेडिकल कॉलेज के लिए उपयुक्त भूखंड की कमी के कारण मैंने अपनी खुद की 20 एकड़ ज़मीन मुफ्त उपलब्ध कराने का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया हैं। केंद्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि केन्द्रीय बजट से कॉलेज का निर्माण कराये।

(दस) महाराष्ट्र के लातूर जिले के ब्लॉकों को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किए जाने की आवश्यकता

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे (लातूर): महाराष्ट्र का लातूर जिला विगत तीन दशकों से प्रकृति की मार झेल रहा है। 1993 का भीषण भूकम्प, तीन दशकों का भीषण सूखा तथा पिछले दो सालों से अति वृष्टि के कारण यहां की खेती पूरी तरह बरबाद हो गई है, पानी की कमी के कारण यहां से सारे उद्योग पलायन कर चुके हैं एवं उद्योगों के अभाव में यहां भारी बेरोजगारी फैली हुई है। पिछले दो सालों की अति-वृष्टि के कारण यहां के पहले से ही बरबाद किसानों की खड़ी फसलें बरबाद हो गई, सैकड़ों लोग मारे गए, हजारों मवेशी बाढ़ में बह गए तथा हजारों मकान अति-वृष्टि के कारण पूरी तरह टूट गए अथवा बाढ़ में बह गए हैं। अब इस जिले की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बरबाद हो गई है।

अब यह महाराष्ट्र के पिछड़े जिलों में गिना जाता है। इस जिले को प्राथमिकता के आधार पर पुनर्विकसित किए जाने की अत्यधिक आवश्यकता है। बड़ी खुशी की बात है कि सरकार ने एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक प्रोग्राम के तहत अब देश भर में 500 ब्लॉकों को चयन करने का फैसला किया है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और आधारभूत ढांचे का विकास किया जाएगा। मेरा लातूर जिला इस दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है। अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि लातूर जिले के अहमदपुर, चाकूर, देवनी, जलकोट, उडगीर व निलंगा ब्लॉकों को इस योजना के तहत विकास हेतु शामिल करके वहां विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और आधारभूत ढांचे का विकास किया जाए एवं इसके त्वरित विकास हेतु विशेष फंड उपलब्ध करवाकर इस जिले के चहुंमुखी विकास हेतु कदम उठाए जाएं ताकि यहां से पलायन कर चुके उद्योग धंधे वापस लौटें,

नौजवानों को बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त हों, खेती को पुनर्जीवित किया जाए और परिणामस्वरूप यहां की अर्थव्यवस्था पुन: पटरी पर लौट सके।

(ग्यारह) संविधान की आठवीं अनुसूची में राजस्थानी भाषा को शामिल किए जाने की आवश्यकता

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): मैं संविधान की आठवीं अनुसूची में करोडो राजस्थानियों द्वारा बोली जाने वाली भाषा को संवैधानिक मान्यता देने के सम्बन्ध में ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

"हेलो मायड़ भाषा रो" अभियान के तहत अनेक वर्षो से सार्वजनिक मंचो पर यह मांग उठाई जा रही है। राजस्थानी भाषा बहुत प्राचीन है और इसका अपना एक अलग ही समृद्ध इतिहास और साहित्य है जिसे देश व विदेश में 10 करोड़ से अधिक लोग बोलते हैं। इस भाषा को देश प्रदेश की कई साहित्यिक अकादमियों ने मान्यता दी हैऔर कई विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में भी यह शामिल है ।राजस्थानी फ़िल्में बहुत लोकप्रिय है और इस भाषा की मिठास और लोकगीत, भजन, धारावाहिक आदि भी जनप्रिय है।

महात्मा गांधी ने कहा था कि "एक बच्चा अपनी मातृभाषा में सबसे ज्यादा सीखता है"। राजस्थानी भाषा के लिए राजस्थान विधान सभा द्वारा वर्ष 2003 में सर्वसम्मति से संकल्प पारित कर संसद को भेजा गया था और तत्कालीन गृहमंत्री ने 17 दिसंबर, 2006 को राजस्थानी भाषा को मान्यता देने के लिए आश्वासन दिया था। राजस्थानी भाषा की लोकप्रियता को देखते हुए इसे आठवीं अनुसूची में शामिल करने से देश के सबसे बड़े भूभाग वाले प्रान्त राजस्थान के करोड़ो लोगो की भावानाओ को उचित सम्मान मिलेगा और राजभाषा हिंदी के विकास और संरक्षण में मदद मिलेगी।

(बारह) राजस्थान के जयपुर में खिलाड़ियों के लिए एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाने की आवश्यकता

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): राजस्थान खेल एवं खिलाडियों का प्रदेश है। राजस्थान राज्य ने देश को कई अन्तराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी दिये है। राजस्थान के कई प्रसिद्व खिलाडियों ने ओलंपिक जैसी सर्वोच्च स्पर्धाओं में कप्तानी भी की है।

मेरा संसदीय क्षेत्र जयपुर राजस्थान की राजधानी है। वहा खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए नेशनल सैंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की आवश्यकता है। वर्तमान में जयपुर में केवल एक ही साई (स्पोर्टस अथोरिटी ऑफ इंडिया) का ट्रेनिंग सेंटर है। जहां पर केवल 5 ही खेलों का प्रशिक्षण दिया जाता है।

जयपुर में नेशनल सैंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलने से खिलाडियों को अच्छी सुविधाओं के साथ बेहतर प्रशिक्षण भी मिलेगा, जिससे वे राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर और भी अच्छा प्रदर्शन कर विश्व में भारत का नाम रोशन कर सकेगें।

मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर में अविलम्ब नेशनल सैंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलवाये जाने की कृपा करें।

(तेरह) रेलवे माल गोदाम के साथ-साथ गौरहाटी घाट में कोयला डिपो पर कटाव के प्रभाव की जाँच किए जाने की आवश्यकता

[अनुवाद]

श्रीमती लॉकेट चटर्जी (हुगली):मेरे हुगली लोक सभा क्षेत्र से निकटवर्ती चापदानी नगरपालिका के अंतर्गत गौरहाटी घाट पर कोयला डिपो, रेलवे माल गोदाम के साथ गंगा से सटा हुआ, कटाव से ग्रस्त है। परिणामस्वरूप, क्षेत्र में मकान, सड़कें और गंगा के घाट नदी में समाते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में मैं माननीय केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री से अनुरोध करना चाहूंगी कि वे इस मुद्दे पर प्राथमिकता के आधार पर विशेष ध्यान दें ताकि क्षेत्र के निवासियों को इस कटाव से बचाया जा सके।

(चौदह) पर्ल एग्रोटेक कार्पोरेशन लिमिटेड के निवेशकों का धन वापस किए जाने के बारे में

[हिंदी]

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): पी.ए.सी.एल (पर्ल्स एग्रोटेक कॉर्पोरेशन लि.) में करोड़ो निवेशको (5 करोड़ 85 लाख निवेशक) का भुगतान अटक गया है। यह गरीब, एवं किसान व मजदूर वर्ग से आते है। सरकार की मंशा चूंकि निवेशको को भुगतान दिलाने की है इसलिए मैं यह आग्रह कर रहा हूँ कि वर्तमान में जो भुगतान राशि की सीमा है वो 17 हजार रूपये है वो भी सभी निवेशको को नही मिल रहा है। जिनके दस्तावेज जमा हुये है उसमे से बीस प्रतिशत निवेशको को ही भुगतान मिला है। अन्य को भुगतान जल्दी मिले इस हेतु कार्यवाही का आग्रह करता हूँ इसके साथ ही कम्पनी ने 2014 - 2015 में बड़ी संख्या में निवेशको के दस्तावेज अपने पास जमा कर लिये उनका भुगतान आज दिनांक तक नही किया गया है एवं दस्तावेज भी कम्पनी के पास ही है, यह गंभीर विषय है। सरकार से इस पर संज्ञान लेने का आग्रह करता हूँ वर्तमान में जो भुगतान की सीमा है उसे तेजी से बढाई जावे (एक लाख तक) ताकि अधिकांश लोगो को भुगतान मिल सके क्योकि निवेशको का अधिक पैसा जमा है।

(पंद्रह) कुलियांग गांव के जैंतिया हिल्स में लैंड कस्टम स्टेशन खोले जाने के बारे में

[अनुवाद]

श्री विनसेंट एच. पाला (शिलौंग): गांवों के लोगों द्वारा अपने सामान और सेवाओं के अधिक आयात और निर्यात की सुविधा के लिए नदी के माध्यम से लैंड कस्टम स्टेशन खोले जाने की मांग की जा रही है। मेघालय के लोग मुख्य रूप से खनन गतिविधियों में शामिल होकर अपनी आजीविका कमाते हैं। कोयले और चूना पत्थर का निर्यात के कारण हजारों लोगों का पेट भरता है। कुलियांग गांव जैंतिया हिल्स में स्थित है। यह लुखा नदी के माध्यम से भू सीमा शुल्क स्टेशन खोलने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है, जिसका उपयोग भारत और बांग्लादेश के बीच चूना पत्थर और कोयला सहित अन्य वस्तुओं के निर्यात के लिए सबसे अच्छा किया जा सकता है। इसलिए मैं लुखा नदी के माध्यम से कुलियांग गांव में भूमि सीमा शुल्क स्टेशन खोलने की मांग करता हूं। इस परियोजना को जल्द से जल्द शुरू किया जाना चाहिए। साथ ही बिजली एवं कानून व्यवस्था संबंधी सभी सुविधाएं तत्काल प्रभाव से व्यवस्थित की जाएं। यह विकास खनन गतिविधियों में शामिल लाखों गरीब लोगों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। यह विशेष रूप से जैंतिया हिल्स के लोगों और उत्तर-पूर्व के राज्यों के समग्र विकास के लिए एक आशीर्वाद होगा।

(सोलह) किशनगंज-जलालगढ़ रेल लाइन परियोजना के बारे में

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज): मैं अपने किशनगंज संसदीय क्षेत्र में रेलवे से संबंधित एक मुद्दे की ओर माननीय रेल मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। किशनगंज और जलालगढ़ के बीच रेलवे लाइन नहीं होने के कारण लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकार, यह विकास के लिए एक प्राथमिकता वाली परियोजना होगी। इस परियोजना से सीमांचल क्षेत्र और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिलेगा। इसके निर्माण के लिए कई वर्षों से अनुरोध किया जा रहा है लेकिन अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है।

इसलिए, मैं माननीय रेल मंत्री से किशनगंज जलालगढ़ परियोजना पर ध्यान देने और देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में से एक लोगों को सामाजिक और आर्थिक रूप से विकसित होने में मदद करने का अनुरोध करता हूं। इसलिए, यह अनुरोध किया जाता है कि इस वित्तीय वर्ष 2023-2024 से शुरू होने वाले किशनगंज जलालगढ़ रेलवे लाइन के निर्माण को मंजूरी देने पर तत्काल ध्यान दिया जाए।

(सत्रह) ठोस अपशिष्ट उपचार प्रबंधन पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता

श्री के. मुरलीधरन (वडकारा): केरल की वाणिज्यिक राजधानी कोच्चि में नगर निगम के अंतर्गत आने वाले ब्रह्मपुरम अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र में आग लगने के एक पखवाड़े बाद भी जले हुए प्लास्टिक की तीखी गंध से कोच्चि परेशान है। कूड़े के ढेर राज्य में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए गंभीर चुनौतियाँ पैदा करते हैं। शेष भारत की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। स्वच्छ भारत अभियान, भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम 2019में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य देश को खुले में शौच से मुक्त करना है। परंतु इस मिशन में भूमिगत सीवेज प्रणाली को फिर से चालू करने और मैला ढोने की प्रथा के उन्मूलन और मैला ढोने वालों के पुनर्वास की आवश्यकता पर ध्यान नहीं दिया गया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा किए गए बहु-सूचक सर्वेक्षण के अनुसार, 21.3% ग्रामीण परिवारों के पास शौचालय की सुविधा नहीं थी - चाहे वह केवल परिवार के लिए शौचालय हो, भवन के लिए सामान्य उपयोग की सुविधा हो, या सामुदायिक शौचालय हो। 2019 में, माननीय प्रधान मंत्री ने स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण भारत को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया। इसलिए, मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि आधुनिक तकनीक का उपयोग करके ठोस कचरे के खतरे को प्रभावी तरीके से संबोधित किया जाए। भारत में अत्यधिक प्रचलित हाथ से मैला ढोने की प्रथा, को समाप्त किया जाना चाहिए और श्रमिकों का पुनर्वास किया जाना चाहिए।

(अठारह) धर्मापुरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में रक्षा अनुसंधान केन्द्र की स्थापना किए जाने के बारे में

डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस. (धर्मपुरी): मैं अपने धर्मपुरी संसदीय क्षेत्र में रक्षा अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के लिए डीआरडीओ द्वारा की गई पहल के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, जिसे 2010 के दौरान तमिलनाडु के धर्मपुरी में प्रस्तावित किया गया था। राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने उक्त उद्देश्य के लिए, धर्मापुरी जिले के नेक्कुंधी गांव में भूमि की पहचान की है। डी.आर.डी.ओ. के अधिकारियों ने भी उक्त स्थल का निरीक्षण किया था। फिर भी, प्रस्तावित परियोजना अभी तक शुरू नहीं हुई है। धर्मपुरी एक औद्योगिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र है। इसलिए, रोजगार सृजन और जिले को औद्योगिक रूप से समृद्ध क्षेत्र बनाने में सहायता के रूप में इस परियोजना की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। अनुमान के मुताबिक, यह डी.आर.डी.ओ. अनुसंधान केंद्र 15,000 लोगों के लिए रोजगार पैदा करेगा और 'मेक इन इंडिया' पहल को आगे बढ़ाने का काम करेगा। इसलिए, मैं माननीय रक्षा मंत्री से आग्रह करूंगा कि वे डी.आर.डी.ओ. को प्रस्तावित परियोजना में तेजी लाने की दिशा में काम शुरू करने और धर्मापुरी जिले की बेहतरी के लिए अनुसंधान केंद्र शुरू करने का निर्देश दें।

(उन्नीस) स्कूल छोड़ने की समस्या से निपटने के लिए समग्र शिक्षा योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के बारे में

श्रीमती अपरूपा पोद्दार (आरामबाग): मैं बच्चों के स्कूल छोड़ने की समस्या पर ध्यान देने की जरूरत का मुद्दा उठाना चाहूंगी। शिक्षा मंत्रालय ने बताया है कि भारत में प्रारंभिक स्तर के 9.30 लाख बच्चे स्कूलों में नामांकित नहीं हैं, तथा लड़कियों की तुलना में लड़के अधिक संख्या में स्कूल से बाहर हैं। भारत में प्राथमिक विद्यालय आयु वर्ग के कुल 9,30,531 बच्चे स्कूल नहीं जाते, जिनमें 5.02 लाख लड़के और 4.27 लाख लड़कियाँ शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या सबसे अधिक 3.96 लाख है, इसके बाद बिहार में 1.34 लाख और गुजरात में 1.06 लाख है। स्कूल छोड़ने वालों की यह बड़ी संख्या समग्र शिक्षा योजना के कार्यान्वयन में कमियों का संकेत देती है, जिससे हमारे देश में बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। इससे बच्चे मजदूरी करने या फिर तस्करी जैसी आपराधित प्रवृत्तियों की तरफ चले जाते हैं। मैं माननीय शिक्षा मंत्री से अनुरोध करता हूं कि वे स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की पहचान करके इस योजना के बेहतर कार्यान्वयन के लिए प्रभावी कदम उठाएं और उन्हें औपचारिक शिक्षा में मुख्यधारा में शामिल करें।

(बीस) सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के उचित क्रियान्वयन के बारे में

श्री श्रीधर कोटागिरी (एलुरु): पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या जी.एस.आर..57(ई) दिनांक 12.08.21 के अनुसार, 1 जुलाई 2022 से, भारत ने एकल-उपयोग प्लास्टिक (एसयूपी) वस्तुओं पर प्रतिबंध लगा दिया है जिनकी उपयोगिता कम है लेकिन जो अक्सर इधर-उधर बिखरी रहती हैं, जैसे प्लास्टिक, स्ट्रॉ, कटलरी और सिगरेट के पैकेट। हालाँकि, प्रतिबंध लागू होने के कई महीनों बाद भी, ज़मीनी स्तर पर बहुत कम प्रगति हुई है। कई प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुएँ अभी भी बाज़ारों, भोजनालयों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रचलन में देखी जा सकती हैं। विक्रेताओं ने बताया कि इन उत्पादों के उपयोग को रोकने के लिए न तो कोई दंडात्मक कार्रवाई की गई है और न ही कोई सलाह दी गई है तथा ये उत्पाद हमेशा की तरह थोक में उपलब्ध हैं। इन प्लास्टिक वस्तुओं के निरंतर उपयोग से भारत में प्रति वर्ष 3.5 मिलियन टन प्लास्टिक उत्पन्न होता है, जिसका अधिकांश हिस्सा एकत्र नहीं किया जाता, परिणामस्वरूप हमारा पारिस्थितिकी तंत्र प्रदूषित हो रहा है। इस प्रकार, इन उत्पादों के पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों के साथ घोषित प्रतिबंध का प्रभावी कार्यान्वयन आवश्यक है। इस संबंध में, मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि वह हमारे माननीय प्रधान मंत्री द्वारा घोषित प्रतिबंध के अनुरूप उचित कदम उठाए और साथ ही भारत में सिगरेट बनाने और/या बेचने वाले मुट्ठी भर निर्माताओं को नोटिस जारी करने पर विचार करे। पैकेजिंग में किसी भी प्लास्टिक सामग्री का किसी भी रूप में उपयोग न करें और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाएं।

(इक्कीस) मुंबई महानगर क्षेत्र में प्रदूषण के बारे में

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुंबई दक्षिण-मध्य): मुंबई महानगर क्षेत्र सबसे बुरे प्रदूषण संकट का सामना कर रहा है। मुंबई जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों का सामना करने वाले उच्च जोखिम वाले शहरों में से एक है। मुंबई में जलवायु परिवर्तन परिदृश्य में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा विकास के तरीकों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। डेटा की निगरानी और प्रबंधन के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयास हमें शहर को स्वच्छ बनाने में मदद करेंगे। यह पाया गया है कि शहर के 50 प्रतिशत से अधिक प्रदूषण का कारण राज्य और केन्द्र सरकार की भूमि पर निर्माण गतिविधियों में अचानक वृद्धि, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में वृद्धि तथा इस शीतकाल में हवा की गति में परिवर्तन है। केंद्र सरकार को हस्तक्षेप कर स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। पूरे मुंबई महानगर क्षेत्र में प्रदूषण संकट से निपटने के लिए समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। यदि सभी सरकारी एजेंसियां समन्वय स्थापित कर इस साझा उद्देश्य की दिशा में काम करें तो इससे मुंबई के बढ़ते प्रदूषण संकट का समाधान हो जाएगा और शहर एक बार फिर रहने के लिए बेहतर स्थान बन जाएगा। एन.सी.आर. की तरह, सरकार को भी प्रदूषण के स्तर की निगरानी के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए एक आयोग का गठन करना चाहिए और मुंबई में प्रदूषण के स्तर से निपटने के लिए क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजनाएं तैयार करनी चाहिए।

(बाईस) सुपौल जिले को आकांक्षी जिलों के कार्यक्रम में शामिल किए जाने की आवश्यकता

[हिंदी]

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल, बिहार का सीमावर्ती बाढ़ग्रस्त तथा अतिपिछड़ा जिला है। सुपौल की जनसँख्या 26 लाख के करीब है तथा सुपौल की जनता की आय का मुख्य स्त्रोत कृषि है। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र होने के कारण शिक्षा, रोजगार, यातायात परिवहन तथा मरीजों के इलाज के लिए अच्छे अस्पताल जैसी मूलभूत सुविधाओं की बहुत कमी है। ऐसी तमाम सुविधाओं को प्रदान करने के लिए मानवीय आधार पर जनहित में सुपौल जिला को नीति आयोग के द्वारा आकांक्षी जिला में शामिल करने की कृपा की जाए।

(तेईस) ओडिशा में कोविड प्रबंधन से संबंधित मुद्दों के बारे में

[अनुवाद]

कुमारी चंद्राणी मुर्मु (क्योंझर): सार्वजनिक सुनवाई उन स्थानीय क्षेत्रों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जहां पर्यावरण से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए उद्योग और खदानें स्थित हैं या स्थापित होने वाली हैं। लोगों की अपने-अपने सरोकार होते हैं, ख़ासकर जब व्यापार और पर्यावरण विवाद का मुद्दा बन जाते हैं।

कोविड काल के दौरान देशभर में जनसुनवाई के लिए मानक तय किये गये। सुनवाई में शामिल होने वाले लोगों की संख्या पर प्रतिबंध थे। अब मुद्दा यह है कि क्या ओडिशा और देश में अन्य जगहों पर मानदंडों का पालन किया गया था। क्या जिला प्रशासन ने ओडिशा के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ मिलकर कार्यवाही में भाग लेने वाले व्यक्तियों का रिकॉर्ड रखा था और क्या जनता से कोविड परीक्षण प्रमाणपत्र लिया गया था। यदि ऐसा नहीं है, तो ऐसी सुनवाई के बाद कोविड फैलने की संभावना है। विभिन्न वर्गों से कुछ शंकाएं सामने आई हैं कि सुनवाई के दौरान मानदंडों का पालन नहीं किया गया।

इसलिए, सभी संदेहों को नकारने के लिए, मैं माननीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री से आग्रह करता हूं कि वे जन सुनवाई में उपस्थित लोगों की सूची, नकारात्मक कोविड परीक्षण प्रमाण पत्र के साथ साझा करें ताकि स्पष्टता लाई जा सके और सभी अटकलों पर विराम लग सके। मैं यह भी चाहूंगी कि मानदंड साझा किये जाएं।

(चौबीस) उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने और मंडुरी हवाई अड्डे से उड़ानों को शुरू किए जाने की आवश्यकता

[हिन्दी]

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): जनपद आजमगढ़ मुख्यतः कृषि व्यवसाय पर आधारित जिला है, यहां कृषि क्षेत्र की संभावनाएं व्यापक हैं जिसमें उद्यमशील कृषि आधारित फसलो के लिए बहुत से नए रास्ते खोजे जा सकते हैं। जिसमें उद्यमशील फसलों के संवर्धन संरक्षण एवं प्रसंस्करण के माध्यम से मशरूम, सब्जियां, मोटे अनाज, गन्ना, मिर्चा की खेती, सनई बागवानी की उद्यमशील खेती का उन्नयन एवं आजमगढ़, बुढ़नपुर, रानी की सराय, ठेकमा,निजामाबाद तहसील के किसानों का संरक्षण हो सके एवं पूर्वांचल में कृषि विकास को ध्यान में रखते हुए आजमगढ़ में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना आवश्यक रूप में हो, इस पर सरकार को आजमगढ़ को केंद्र मानकर इसको अमलीजामा पहनाया जाना चाहिए तभी सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, मऊ, बलिया, देवरिया, गाजीपुर, जौनपुर यह सभी ग्रामीण इलाके इन विश्वविद्यालयों से लाभान्वित हो सकेंगे।

अभी लालगंज में कृषि विज्ञान केंद्र खुला है और कोटवा में कृषि विज्ञान केंद्र है और जनपद में कृषि महाविद्यालय भी हैं इसी महाविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय में परिवर्तित किया जाए और साथ ही मंडूरी हवाई अड्डे को शीघ्र संचालित किया जाए। उद्योग आधारित कृषि खेती को बढ़ावा देने के विशेष क्षेत्र को घोषित किया जाए और कमर्शियल क्रॉप्स जैसे मशरूम, सनई, मिर्चा, गन्ना,मोटे अनाज बागवानी को बढ़ावा दिया जा सके।

(पच्चीस) बिहार में खगड़िया और पूर्णिया के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 107 को चार लेन का किए जाने और इसके निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के बारे में

चौधरी महबूब अली कैसर **(**खगड़िया**):** मैं भारत सरकार का ध्यान खगड़िया लोकसभा के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 से जुड़े अति महत्वपूर्ण समस्या की और आकर्षित करना चाहता हूं। यह राजमार्ग उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल और असम को जोड़ने वाला मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग है। इस राज्य मार्ग को बिहार के बेगूसराय जिला से खगड़िया तक फोरलेन किया जा रहा है, जो कि लगभग पूर्ण होने वाला है। परंतु खगड़िया से पूर्णिया तक फोरलेन नहीं होने के कारण आम जनता को समस्या का सामना करना पड़ रहा था। खगड़िया-पूर्णिया खंड पर यातायात का भार अधिक हो गया है जिससे आए दिन सड़क दुर्घटना की संख्या में बढ़ोतरी के साथ-साथ यातायात जाम की समस्या भी बनी रहती है। यदि खगड़िया से पूर्णिया तक फोर लेन का निर्माण हो जाता है तो इन सभी समस्या से निजात मिल जाता। महेशखूंट बेलदुर सिमरी बख्तियार होते हुए राजमार्ग संख्या 107 का निर्माण हो रहा है जिसकी गति काफी धीमी है। स्थानीय जनता द्वारा गुणवत्ता पर अक्सर सवाल उठाया जाता है। अतः भारत सरकार से मांग है कि खगडिया से पूर्णिया तक राष्ट्रीय राजमार्ग को फोर लेन बनाया जाए और राजमार्ग संख्या 107 के कार्य को जल्दी करते हुए गुणवत्ता की भी जांच अपने स्तर से कराई जाए।

(छब्बीस) गुंटूर यार्ड की रीमॉडलिंग किए जाने के बारे में

[अनुवाद]

श्री जयदेव गल्ला (गुंटूर): गुंटूर के लोग अनुमानित 125 करोड़ रुपये के साथ गुंटूर यार्ड को फिर से तैयार करने के काम को मंजूरी देने के लिए आभारी हैं, ताकि गुंटूर यार्ड को चारों ओर से सिकन्दराबाद, नंद्याल, विजयवाड़ा और तेनाली से आने वाले यातायात से निपटने के लिए मौजूदा बाधाओं से बचा जा सके। इससे वर्तमान और भविष्य के यातायात को संभालने के लिए ट्रेनों को रोके बिना बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने/बनाने में मदद मिलेगी और स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों पर 24 कोच वाली यात्री ट्रेनें चलाई जाएंगी। रेलवे स्टेशन विकास बिंदु हैं और रेलवे ने गुंटूर रेलवे स्टेशन में सुधार के लिए सचेत निर्णय लिया है और यात्रियों और भगवान लक्ष्मी नरसिम्हा के तीर्थयात्रियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए विकास के लिए मंगलागिरी रेलवे स्टेशन का भी चयन किया है। गुंटूर के लोग वास्तव में आभारी हैं कि इन्हें आत्मनिर्भर स्टेशन योजना के अंतर्गत लिया जा रहा है। मैं माननीय रेल मंत्री से उपरोक्त कार्यों को निश्चित समय सीमा में पूरा करने की अपील करता हूं, ताकि गुंटूर और इसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सुविधाओं का लाभ मिल सके।

[हिन्दी]

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही मंगलवार दिनांक 21 मार्च, 2023 को प्रात: ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

... (व्यवधान)

<u>अपराह्न 2.16 बजे</u>

तत्पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 21 *मार्च,* 2023 / 30 *फाल्गुन,* 1944 (*शक*) के पूर्वाहन ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

———————

इंटरनेट

लोक सभा की सत्रावधि के प्रत्येक दिन के वाद-विवाद का मूल संस्करण, अंग्रेजी संस्करण और हिन्दी संस्करण भारतीय संसद की निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध हैं*:*

https://sansad.in/ls

लोक सभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण

लोक सभा की संपूर्ण कार्यवाही का संसद टी.वी. चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाता है। यह प्रसारण सत्रावधि में प्रतिदिन प्रातः 11.00 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने से लेकर उस दिन की कार्यवाही समाप्त होने तक होता है।

© 2023 प्रतिलिप्यधिकार लोक सभा सचिवालय
लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों (सत्रहवां संस्करण) के नियम 379 और 382 के अन्तर्गत प्रकाशित